
# ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप




॥ यतो धर्मस्ततो जयः ॥

**प्रकाशक :**
ई-कमिटी,
उच्चतम न्यायालय

# " ई-कोर्टस् सर्विसेज़"
# मोबाइल एप्लीकेशन




## <u>प्रकाशक</u>

## ई-कमिटी

## उच्चतम न्यायालय

# ई -कोर्टस् सर्विसेज़- मोबाइल एप्लीकेशन

प्रकाशक

**ई-कमिटी, उच्चतम न्यायालय, भारत**

लेखिका

**श्रीमती अरुलमोझीसेलवी, एम. एल.,**

सदस्य,(मानव संसाधन)

ई-कमिटी, उच्चतम न्यायालय, भारत

हिंदी अनुवाद

**डॉ. मोहित शर्मा,**

राजस्थान न्यायिक सेवा

**प्रथम संस्करण : फरवरी, 2021.**

**अस्वीकरण**

*ई-कमिटी द्वारा प्रसारित यह संदर्भ सामग्री केवल अध्ययन व प्रशिक्षण के लिए है। प्रयुक्त संदर्भ सांकेतिक हैं एवं किसी भी स्तिथि में इनका उपयोग आधिकारिक या न्यायिक संदर्भों हेतु नहीं किया जावे ।*

DR JUSTICE D Y CHANDRACHUD
Judge, Supreme Court of India

## प्रस्तावना

उच्चतम न्यायालय की ई-समिति कानूनी क्षेत्र में डिजिटल सुधारों का सूत्रपात करने में अग्रणी रही है। विगत एक वर्ष के दौरान महामारी, बंद कार्यालयों व अदालतों और लॉक डाउन के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी विषमताओं ने अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और पक्षकारों को उच्च तकनीकी समाधानों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। दूरस्थ रूप से कार्य संपादन, वर्चुअल कोर्ट, डिजिटल वर्कप्लेस और इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट कानूनी पेशे के संचालन के अभिन्न अंग बन गए हैं। इस दुर्लभ परिस्थिति ने हमें न केवल एक अंतरिम उपाय के रूप में प्रौद्योगिकी को अंगीकार करने का एक अवसर दिया है, बल्कि हमारी विधिक प्रणाली को और अधिक कुशल, समावेशी, सुलभ और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ बनाने का भी अवसर दिया है। ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल एप्लीकेशन इस दिशा में एक सार्थक कदम है।

ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल एप्लीकेशन जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों में दायर प्रकरणों के सम्बन्ध में अधिवक्ताओं और पक्षकारों के लिए एक एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल (ECMT) है। यह मुक़दमे के दाखिले से लेकर अंतिम निर्णय तक प्रकरण के सम्पूर्ण विवरण के साथ-साथ दिनांकवार केस डायरी की सुविधा भी प्रदान करता है। यह उपयोगकर्ताओं को न्यायालयों के आदेश/ निर्णय, वाद-सूची, मामले के अंतरण सम्बन्धी विवरण और अंतरिम आवेदनों की जानकारी देता है। मोबाइल एप्लिकेशन की एक अनूठी विशेषता "माई केस" टैब के अंतर्गत यह अधिवक्ताओं को डिजिटल डायरी तैयार करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

मोबाइल एप्लिकेशन की ये समस्त सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग न केवल होगा न्यायालय परिसर में फुटफॉल को नियंत्रित करने में अपितु न्यायाधीशों, न्यायिक कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के समय और श्रम की बचत करने में भी सहायक होगा। यह भी सुनिश्चित हो सकेगा कि भौगोलिक दूरियां मुकदमों की जानकारी प्राप्त करने में बाधक न बने। हमने विशेष योग्यजनों हेतु भी प्रक्रिया को सुलभ बनाने का प्रयास किया है।

DR JUSTICE D Y CHANDRACHUD
Judge, Supreme Court of India

विवरणिका में समस्त इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल (ECMT) के छायाचित्र के साथ-साथ उनका विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए, विवरणिका का 11 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद भी किया गया है।

तकनीकी क्षमताओं में सुधार के साथ-साथ सांस्कृतिक और मानसिक बदलाव आवश्यक है। मुझे यह जानकर खुशी है कि बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और पक्षकारों द्वारा इस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं का उपयोग किया जा रहा है और मोबाइल एप्लीकेशन 57 लाख से अधिक बार डाउनलोड की गयी है। यह मोबाइल एप्लीकेशन निरंतर विकासशील डिजिटल दुनिया में हमारी न्यायिक प्रणाली के अनुकूलन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**(डॉ. न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़)**

बरुण मित्रा, भा.प्र.से.
BARUN MITRA, IAS

सत्यमेव जयते

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सचिव
न्याय विभाग
विधि और न्याय मंत्रालय
भारत सरकार
SECRETARY
DEPARTMENT OF JUSTICE
MINISTRY OF LAW & JUSTICE
GOVERNMENT OF INDIA

## प्रस्तावना

वैश्विक विधिक परिदृश्य में डिजिटल प्रगति की प्रक्रिया के साथ-साथ, भारत वर्ष में भी न्यायिक परिदृश्य को आईसीटी सक्षम बनाने की प्रक्रिया में ठोस प्रगति हुई है। इस बहुआयामी पहल के एक अभिन्न अंग के रूप में, ई-कोर्ट सर्विसेज़ मोबाइल एप को एक प्रभावी इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल (ECMT) के रूप में व्यापक रूप से पहचान मिली है। इस मोबाइल एप की लोकप्रियता अधिवक्ताओं द्वारा इसे डाउनलोड करने की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि से प्रकट होती है, जो कि वर्तमान में 57 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है।

रोबस्ट केस मैनेजमेंट और साउंड सपोर्टिंग सिस्टम किसी भी प्रभावी विधिक प्रणाली के मूल हैं। यह प्रभावी इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल (ECMT) अधिवक्ता को मुक़दमों की जानकारी, डॉक्यूमेंट असेंबली, कैलेंडरिंग, केस स्टेटस की टाइम-ट्रैकिंग, न्यायिक निर्णयों की जानकारी, न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन हेतु आवश्यक कदम आदि का प्रबंधन करने में सक्षम ही नहीं बनता अपितु यह सुविधा भौगोलिक सीमाओं से परे 24 x 7 उपलब्ध होने वाली निःशुल्क व् सुकर सुविधा भी है। अपनी डिजिटल डायरी सुविधाओं के कारण ई-कोर्ट सर्विसेज़ मोबाइल एप अधिवक्ताओं की व्यावसायिक दक्षता को बढ़ावा देने वाले एक आवश्यक उपकरण के रूप में विकसित हुआ है।

ई-कोर्ट सर्विसेज़ मोबाइल एप के उपयोग से सम्बंधित इस पुस्तिका का प्रकाशन ई -कमिटी, उच्चतम न्यायालय का एक और प्रशंसनीय प्रयास है जो कि बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने और अधिवक्ता समुदाय के घर-द्वार तक जानकारी का लाभ पहुंचाने की कड़ी में सार्थक कदम है । यह विवरणिका हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं जैसे पंजाबी, तमिल, गुजराती, ओडिया और नेपाली में भी उपलब्ध होने से इसके प्रसार में अत्यधिक वृद्धि होगी। मुझे विश्वास है कि यह विवरणिका विधिक समुदाय के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

25 फरवरी 2021

नई-दिल्ली

**(बरुण मित्रा)**

# ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन

## अनुक्रमणिका


1. "e-Courts Sevices" **मोबाइल ऐप को इनस्टॉल करने की प्रक्रिया** ....2

1.1 **ई-कोर्ट वेबसाइट से डाउनलोड करें** https://ecommitteesci.gov.in एवं https://eCourts.gov.in ....2

1.2 **एंड्राइड हेतु गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें** ....3

1.3 **सीधे आई-फ़ोन/ आई-पेड हेतु सीधे एप्पल स्टोर से डाउनलोड करें** ....3

2. **ई-कोर्ट एप्लिकेशन कॉन्फ़िगर करने की प्रक्रिया** ....3

3. **ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन** 6 **भारतीय भाषाओं में**: ....4

4. **ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप के मूल आइकॉन्स की जानकारी** : ....5

4.1 **स्वागत पृष्ठ** ....5

4.2 **मेनू-सूची आइकन** ....5

4.3 **जिला न्यायालय** / **उच्च न्यायालय के मुकदमों का विवरण** ....5

4.4 **मुख्य-मेनू में उपलब्ध विकल्प** ....6

4.5 CNR **खोज** ....6

4.6 **केस स्टेटस सर्च** ....6

4.7 **कॉज लिस्ट** ....6

4.8 **माय केसेस** ....6

4.9 **माय केसेस दिनांकवार** / **जिलेवार** ....7

4.10 **कैलेंडर विकल्प** ....7

4.11 **रिफ्रेश बटन** ....7

4.12 **माई केसेस के तहत सर्च विकल्प** ....7

4.13 QR **कोड** ....7

4.14 QR **कोड स्कैन** ....7

4.15 IA (**अंतरिम प्रार्थनापत्र**) **विवरण** ....8

4.16 **स्थानांतरण विवरण** ....8

4.17 **अधीनस्थ न्यायालय सूचना** ....8

4.18 **केस हिस्ट्री मुक़दमे का इतिहास** ....8

5. **ई -कोर्टस् सर्विसेज़** - **मोबाइल ऐप के माध्यम से मुक़दमे का पूरा ब्यौरा प्राप्त करें** ....9

6. **केस सर्च विकल्प** .... 10

7. **सीएनआर नंबर के माध्यम से मुकदमों को खोजें** ........ 10
7.1 **सीएनआर संख्या क्या है** ........ 10
7.2 **अपना** CNR **नंबर कैसे ज्ञात करें** ........ 11
7.3 **ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर कैसे ज्ञात करें** ........ 11
7.4 CNR **नंबर का उपयोग करके मुक़दमे को खोज कैसे करें** ........ 12
8. **केस स्टेटस सर्च**: **केस स्टेटस सर्च में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों का उपयोग करना।** ........ 13
8.1 **केस नंबर/प्रकरण संख्या विकल्प का उपयोग कर केस स्टेटस देखना** ........ 14
8.2 **फाइलिंग नंबर विकल्प का उपयोग करते हुए केस स्टेटस देखना** ........ 15
8.3 एडवोकेट विकल्प में अधिवक्ता के विवरण के आधार पर केस स्टेटस देखना: ........ 15
**8.3.1 एडवोकेट नेम : अधिवक्ता के नाम का उपयोग करके खोजें** ........ 15
**8.3.2 बार कोड : एनरोलमेंट नंबर का उपयोग करके खोजें** ........ 16
**8.3.3 डेट कॉज लिस्ट : दिनांक विशेष को अधिवक्ता के सुनवाई हेतु सूचीबद्ध प्रकरणों को खोजें** ........ 17
8.4 **केस टाइप विकल्प का उपयोग करके प्रकरण की स्थिति देखना**: ........ 18
8.5 **पार्टी विकल्प का उपयोग करते हुए मामले की स्थिति देखना**: ........ 19
8.6 **एफआईआर नंबर का उपयोग करके प्रकरण खोजना** ........ 19
8.7 **अधिनियम के अनुसार खोजें** ........ 20
8.8 **प्री-ट्रायल आवेदन-पत्र** ........ 20
8.9 **कैविएट** ........ 21
9. **ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल ऐप के माध्यम से कॉज लिस्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया**: ........ 21
10. **माय केसेस विकल्प**: ........ 22
10.1 **माय केसेस में प्रकरण जोड़ने की प्रक्रिया** ........ 22
10.2 "**माय केसेस**" **सूची से प्रकरणों को हटाने की प्रक्रिया** ........ 23
10.3 "**माय केसेस**" **सूची से प्रकरणों को खोजें** : ........ 24
10.4 "**रिफ्रेश** " **बटन**: ........ 24
10.5."**माय केसेस**" **सूची से प्रकरणों को दिनांकवार / जिलेवार प्रदर्शित करने का विकल्प**: ........ 24
10.6 **कैलेन्डर**: ........ 25
11. **बैक अप सुविधा**: ........ 26
11.1 **एक्सपोर्ट** (**निर्यात**) **विकल्प**: ........ 26
11.2 **इम्पोर्ट** (**आयात**) **विकल्प**: ........ 27

12. QR **कोड का उपयोग करके केस स्टेटस प्राप्त करना**: ........ 28
13. **जब इंटरनेट सुविधा प्राप्त न हो तब** SMS **के माध्यम से केस स्टेटस प्राप्त करें** ........ 29
14. **ईकोर्ट सर्विसेज की स्वचालित ईमेल सेवाओं के माध्यम से केस स्टेटस प्राप्त करने की प्रक्रिया**: ........ 30
14.1 **अविनाशी सब कोर्ट से प्रेषित स्वचालित ईकोर्ट ईमेल सन्देश**: ........ 30
15. **कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर**: ........ 31
**16. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप मेनू में विभिन्न लिंक।** ........ 31
17. **ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में ई-पे लिंक**: ........ 32
18. **ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में** NJDG **लिंक**: ........ 32
18.1 **राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड** (**जिला और तालुका न्यायालय**) ........ 32
18.2 **राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड** (**उच्च न्यायालय**) ........ 32
19. **ईकोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप के माध्यम से "इंडिया कोड" को एक्सेस करें**: ........ 33
19.1 "**इंडिया कोड**" **से बेर-एक्ट खोजने की प्रक्रिया**: ........ 33
20. **ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में ई-फाइलिंग लिंक** ........ 34
21. **ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में वर्चुअल कोर्ट्स लिंक**: ........ 34
22. **अधिवक्तागण हेतु प्रारूप फॉर्म** ........ 35
23. **हेल्प विकल्प**: ........ 35

**********************

# "ई -कोर्टस् सर्विसेज़"
# मोबाइल एप्लीकेशन

क्या आपने कभी चाहा है कि आपके मुकदमों की समस्त जानकारी आपके हाथों में 24 x 7 उपलब्ध हो? ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अब आपकी यह कल्पना साकार हो गई है ! अब कोई भी व्यक्ति मुकदमों की स्थिति, न्यायालय के आदेश, कॉज लिस्ट आदि को अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ही न्यायालय परिसर में जाये बिना किसी भी स्थान से एक्सेस कर सकता है । ई-समिति, भारतीय उच्चतम न्यायालय ने पक्षकारों, अधिवक्ताओं, कानून फर्मों, पुलिस विभाग, सरकारी एजेंसियों और अन्य संस्थागत पक्षकारों के लाभ के लिए "eCourts Services" नाम से एक मोबाइल एप्लिकेशन निर्मित किया है।

मोबाइल एप्लिकेशन में आप सीएनआर नंबर , केस नंबर, फाइलिंग नंबर, पार्टी के नाम, एफआईआर नंबर, एडवोकेट डिटेल्स, एक्ट, केस टाइप आदि विकल्पों का उपयोग कर केस स्टेटस सर्च कर सकते हैं । आप ई-कोर्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से केस हिस्ट्री, केस की डायरी, कॉज लिस्ट, केस की ट्रांसफर डिटेल्स, ऑर्डर और जजमेंट आदि सब कुछ निःशुल्क देख सकते हैं। । एंड्राइड डिवाइस उपयोगकर्ता इस मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर से किसी भी अन्य ऐप की तरह डाउनलोड कर सकते है एवं आईफोन, आईपैड डिवाइस के लिए इसे ऐप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-समिति की आधिकारिक वेबसाइट https://ecommitteesci.gov.in में प्रदान डाउनलोड लिंक के माध्यम से भी आप इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में समस्त इकोर्ट सेवाओं के साथ-साथ एक अतिरिक्त सुविधा माय केसेस की भी प्रदान की गयी है, इस उपलब्ध विकल्प का उपोग करते हुए ऐप को कस्टमाइज किया जा सकता है, यह विकल्प किसी अधिवक्ता/पक्षकार के लिए व्यक्तिगत डिजिटल डायरी के सामान है। माय केसेस का प्रयोग करते हुए आप व्यक्तिगत मुकदमों का संग्रह बना सकते हैं और उनके ऑटोमेटिक अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा ऐसे पक्षकारों, फर्मों, कंपनियों या संगठनों के लिए भी उपयोगी है, जिनके पास विभिन्न स्थानों एवं पर विभिन्न न्यायालयों में कई मुकदमें हैं। माई केसेस में आप अपने मुकदमों को जोड़कर सूची बना सकते हैं और ई-कोर्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सभी अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। निस्संदेह ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप के माध्यम से आपकी व्यक्तिगत डिजिटल केस डायरी, सभी केस विवरण के साथ, आपके हाथों (हैंडसेट) में 24 * 7 नि: शुल्क उपलब्ध हैं।

## 1. "e-Courts Sevices" मोबाइल ऐप को इनस्टॉल करने की प्रक्रिया


1.1 ई-कोर्ट वेबसाइट से डाउनलोड करें https://ecommitteesci.gov.in & https://ecourts.gov.in

1.2. गूगल स्टोर से डाउनलोड करें

1.3 एप्पल स्टोर से डाउनलोड करें

### 1.1 ई-कोर्ट वेबसाइट से डाउनलोड करें https://ecommitteesci.gov.in एवं **https://eCourts.gov.in**

आप नवीन ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन को सीधे गूगल स्टोर/एप्पल स्टोर से डाउनलोड कर सकते है। ई-कमिटी वेबसाइट https://ecommitteesci.gov.in एवं ई-कोर्ट वेबसाइट https://ecourts.gov.in पर भी ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल स्टोर/एप्पल स्टोर से डाउनलोड करने का शॉर्टकट लिंक उपलब्ध है। शॉर्टकट लिंक को क्लिक करके आप संबंधित प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर सकते हैं। ईकोर्ट सर्विसेज वेब पेज पर उपलब्ध मोबाइल एप डाउनलोड लिंक को नीचे स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है। इंस्टॉलेशन प्रक्रिया पूर्ण होने पर आप "ओपन" एप बटन पर क्लिक करें, ऐसा करते ही एप का वेलकम स्क्रीन आपके सामने आ जाएगा जैसा की नीचे स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है।







### 1.2 एंड्राइड हेतु गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें




यदि आपके पास एक एंड्रॉइड स्मार्टफोन है, तो ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर खोजें और डाउनलोड पर क्लिक करें। डाउनलोड पूर्ण हो जाने पर इंस्टॉल बटन क्लिक करने पर एप आपके एंड्रॉइड स्मार्टफोन में इंस्टॉल हो जायेगा ।

### 1.3 सीधे आई-फ़ोन/ आई-पेड हेतु सीधे एप्पल स्टोर से डाउनलोड करें

यदि आपके पास एक एप्पल आई-फ़ोन है, तो ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप को एप्पल स्टोर पर खोजें और डाउनलोड पर क्लिक करें। डाउनलोड पूर्ण हो जाने पर इंस्टॉल बटन क्लिक करने पर एप आपके एप्पल आई-फ़ोन में इंस्टॉल हो जायेगा । इसी प्रकार आई-पेड हेतु भी ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप उपलब्ध है, जिसे आई-पेड पर डाउनलोड और इंस्टॉल किया जा सकता है।




## 2. ई-कोर्ट एप्लिकेशन कॉन्फ़िगर करने की प्रक्रिया

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप का वर्तमान संस्करण तीन प्रमुख मदों के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करता है; (अ) उच्च न्यायालय, (ब) ज़िला न्यायालय, (स) दोनों।

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप को ज़िला न्यायालय या उच्च न्यायालय अथवा दोनों न्यायालयों के मामलों को एक्सेस करने के लिए कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। उसके लिए, आपको मेनू सूची से कॉन्फ़िगर विकल्प का चयन कर आइकन पर क्लिक करके की आवश्यकता है। आप रेडियो बटन "हाई कोर्ट" पर क्लिक करके उच्च न्यायालय की सेवाओं को एक्सेस करने के लिए अपने मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। आप रेडियो बटन "जिला न्यायालय" पर क्लिक करके जिला न्यायालय की सेवाओं को एक्सेस करने के लिए अपने मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। और यदि आप उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों दोनों की सेवाओं को एक्सेस करना चाहते हैं, तो आप रेडियो बटन "दोनों" पर क्लिक कर सकते हैं।





## 3. ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन 6 भारतीय भाषाओं में

ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन का नवीनतम संस्करण, जो परीक्षण के अधीन है, अंग्रेजी के साथ-साथ छह क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा। छह क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होने वाले ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन के स्क्रीनशॉट नियमित उपयोगकर्ताओं हेतु यहाँ दिखाए गए हैं।

- ✓ हिन्दी
- ✓ मराठी
- ✓ तामिल
- ✓ कन्नड़
- ✓ गुजराती
- ✓ तेलुगु



## 4. ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप के मूल आइकॉन्स की जानकारी

| | |
|---|---|
| **4.1 स्वागत पृष्ठ**<br><br>ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप प्रारम्भ करने पर सर्वप्रथम यह वेलकम पेज प्रदर्शित होता है | <br> |
| **4.2 मेनू-सूची आइकन**<br><br>यदि आप दिखाए गए तीन-लाइन आइकन पर क्लिक करते हैं, तो यह ई -कोर्टस् मोबाइल एप की पूरी मेनू सूची दिखाएगा।<br><br>विभिन्न ई-कोर्ट सर्विसेज जैसे कि ई-पे, एनजेडीजी, ई-फाइलिंग, इंडिया कोड, फॉर्म्स फॉर एडवोकेट, वर्चुअल कोर्ट आदि से संबंधित महत्वपूर्ण लिंक अब इस मेनू सूची में उपलब्ध हैं। | <br> |
| **4.3 जिला न्यायालय / उच्च न्यायालय के मुकदमों का विवरण**<br><br>आप डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस या हाई कोर्ट या डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और हाईकोर्ट दोनों के लिए मोबाइल ऐप को कॉन्फ़िगर कर सकते हैं। | <br> |

**4.4 मुख्य-मेनू में उपलब्ध विकल्प**

i CNR खोज; ii केस स्टेटस (खोज);

iii कॉज लिस्ट iv माय केसेस विकल्प।




**4.5 CNR खोज**


CNR आइकन का उपयोग करके, आप CNR नंबर प्रविष्ट करके केस स्टेटस खोज सकते हैं




**4.6 केस स्टेटस सर्च**


केस स्टेटस विकल्प का उपयोग करके निम्नलिखित नौ सर्च विकल्पों का उपयोग करके केस स्टेटस का पता लगा सकते हैं

- केस नंबर पार्टी का नाम
- दायरा नंबर एफआईआर
- अधिवक्ता अधिनियम।
- केस टाइप कैविएट
- प्री ट्रायल एप्लीकेशन





**4.7 कॉज लिस्ट**




इस आइकन का उपयोग करके, आप किसी भी न्यायालय की कॉज लिस्ट देख सकते हैं।




**4.8 माय केसेस**

आप "माय केसेस" विकल्प का उपयोग कर अपने मुकदमों की व्यक्तिगत सूची बनाकर उसको सेव कर सकते हैं।



| | |
|---|---|
| **4.9 माय केसेस दिनांकवार / जिलेवार**<br><br>माय केसेस में मुकदमे दो मोड में प्रदर्शित होते हैं - दिनांक वार / जिलेवार आप इच्छानुसार प्रदर्शन मोड चुन सकते हैं |   |
| **4.10 कैलेंडर विकल्प**<br><br>कैलेंडर विकल्प मुकदमों को कैलेंडर प्रारूप में प्रदर्शित करता है |   |
| **4.11 रिफ्रेश बटन**<br><br>इस आइकन पर क्लिक करते ही यह डेटा को अपडेट कर देगा। |  |
| **4.12 माई केसेस के तहत सर्च विकल्प**<br><br>माई केसेस के तहत सर्च बॉक्स आपको अपने माई केस लिस्ट में सर्च करने में मदद करेगा। |   |
| **4.13 QR कोड**<br><br>मुक़दमे से सम्बंधित हर जानकारी वाला क्यूआर कोड मोबाइल ऐप में केस हिस्ट्री के तहत उपलब्ध है। इस QR कोड का प्रिंट लेकर आप इसे डॉकेट में पेस्ट भी कर हैं। |   |
| **4.14 QR कोड स्कैन**<br><br>मोबाइल ऐप से मिला क्यूआर कोड पत्रावली में चिपकाया जा सकता है, और केस की स्थिति जानने के लिए मोबाइल ऐप में इनबिल्ट क्यूआर कोड स्कैनर विकल्प का उपयोगकरते हुए कोड आसानी से स्कैन भी किया जा सकता है। |   |

## 4.15 IA (अंतरिम प्रार्थनापत्र) विवरण

आप अपने मुकदमों से सम्बंधित IA (अंतरिम प्रार्थनापत्रों) की जानकारी इस विकल्प से प्राप्त कर सकते है, यदि न्यायालय द्वारा इसकी एंट्री की गयी हो तो।

IA Details

| IA Number | Party | Date of Filing | Next Date | IA Status |
|---|---|---|---|---|
| IA/1/2019 | XXXXXXX XXXXXXX | 24-01-2019 | 28-05-2020 | Pending |

## 4.16 स्थानांतरण विवरण

एक से दूसरे न्यायालय  में केस का ट्रांसफर का विवरण मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

Case Transfer Details Between The Courts

| Transfer Date | From Court No. and Judge | To Court No. and Judge |
|---|---|---|
| 17-07-2018 | 15 - District Judge-13 and Addl Sessions Judge Abad | 21 - Adhoc District Judge-5 Asst Sessions Judge Abad |

## 4.17 अधीनस्थ न्यायालय सूचना

अपील के मामले में, अधीनस्थ न्यायालय की जानकारी उपलब्ध है।





Subordinate Court Information

| | |
|---|---|
| Court No. and Name | 5th Jt. Civil Judge J.D. J.M.F.C. Aurangabad |
| Case No. and Year | - 0000353 - 2014 |
| Case Decision Date | 14-11-2016 |


## 4.18 केस हिस्ट्री मुक़दमे का इतिहास

केस हिस्ट्री के तहत, आपको निम्नलिखित मदों के तहत एक प्रकरण का पूरा विवरण मिल सकता है

- केस डिटेल्स
- केस स्टेटस
- क्यूआर कोड
- याचिकाकर्ता और अधिवक्ता
- प्रतिवादी और अधिवक्ता
- अधिनियम
- केस की सुनवाई का इतिहास
- अंतिम आदेश / निर्णय



# 5. ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप के माध्यम से मुक़दमे का पूरा ब्यौरा प्राप्त करें



## 6. केस सर्च विकल्प

ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप के अंतर्गत दो मुख्य सर्च मेनू हैं

(I) सीएनआर सर्च ;(ii) केस स्टेटस सर्च ; आइए हम दोनों विकल्पों को एक-एक करके देखते हैं:

## 7. सीएनआर नंबर के माध्यम से मुकदमों को खोजें




अपने फोन में मोबाइल ऐप का उपयोग करके केस विवरण प्राप्त करने के लिए का सबसे तेज़ तरीका CNR नंबर द्वारा खोज है। क्या आप जानना चाहते हैं कि CNR नंबर क्या है, तो कृपया आगे पढ़ें ।

### 7.1 सीएनआर संख्या क्या है

CNR का मतलब केस नंबर रिकॉर्ड है। CNR एक अद्वितीय 16 अंकों की संख्या है जो सभी मुकदमों को दी जाती है। इसे संक्षेप में कहें तो यह विशिष्ट केस पहचान संख्या है जिसके द्वारा किसी भी प्रकरण की पहचान की जा सकती है। CNR को केस सूचना प्रणाली (CIS) के माध्यम से दायर प्रत्येक प्रकरण को आवंटित किया जाता है। यह ट्रेन के टिकट में इस्तेमाल होने वाले पीएनआर नंबर के समान ही है। कोई भी व्यक्ति अपने केस को हाई कोर्ट अथवा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में CNR नंबर के साथ ट्रेस कर सकता है, जो कि 16 अंकों का यूनिक नंबर है।

| | |
|---|---|
| CNR के (16 अंक) में शामिल हैं: (राज्य कोड) (जिला कोड) (स्थापना कोड) (केस फाइलिंग नंबर) (फाइलिंग वर्ष) | उदाहरणतः<br>(JK) (AN) (01) (000638) (2017) |

CNR का अर्थ समझने हेतु विभिन्न राज्यों (पंजाब, मेघालय, तमिलनाडु) से CNR क्रमांक उदाहरणार्थ यहाँ दिए गए हैं

| CNR Number | PBJL01-015294-2016 | MLSH04-000548-2017 | TNSA06-000398-2017 |
|---|---|---|---|
| State code (2 digits) | PB (Punjab) | ML (Megalaya ) | TN (Tamil Nadu) |
| District Code (2 digits) | JL (Jalandar) | SH (East Khasi district) | SA (Salem district) |
| Establishment Code (2 digits) | (01) (District and sessionscourt Establishment) | 04 (Chief Judicial Magistrate Establishment) | 05 (Principal District Munsif Establishment) |
| Case filing number (6 digits) | 014824 (Case number) | 000548 (Case Number) | 000470 (Case Number) |
| Filing year (4 digits) | 2015 (Filing Year) | 2017 (Filing Year) | 2017 (Filing Year) |
| Total (16digit) (State code) (District code) (Establishment code) (Case filing number) (Filing year) | (PB)(JL)(01) (014824)(2015) (Total 16 digits) | (ML)(SH)(04) (000548)(2017) (Total 16 digits) | (TN)(SA)(05) (000470)(2017) (Total 16 digits) |

### 7.2 अपना CNR नंबर कैसे ज्ञात करें

कोई भी व्यक्ति, पक्षकार अथवा अधिवक्ता मुकदमों के CNR नंबर दो प्रकार से प्राप्त कर सकता है

(I) ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप से (ii) ई -कोर्टस् सर्विसेज़ वेबसाइट से।

### 7.3 ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर कैसे ज्ञात करें

CNR नंबर प्राप्त करने के लिए, आपके पास मुक़दमे से सम्बंधित जिले एवं न्यायालय के नाम की जानकारी के अलावा केस नंबर या फाइलिंग नंबर या पार्टियों का नाम आदि की आवश्यकता होगी, आइए हम ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप से सीएनआर नंबर ज्ञात करने की चरणवार प्रक्रिया को समझते है, उदाहरणार्थ हम सब कोर्ट, अविनाशी, तिरुप्पूर जिला, तमिलनाडु के मूल वाद (OS) 50/2017 का CNR नंबर खोजते हैं।

<table>
<tr>
<td>
चरण 1:
<ul><li>ई -कोर्टस् सर्विसेज़ - मोबाइल ऐप पर जाएं।</li></ul>
चरण 2:
<ul><li>मुख्य मेनू से केस स्टेटस चुनें।</li></ul>
</td>
<td>


</td>
</tr>
<tr>
<td>
चरण 3:
<ul>
<li>केस स्टेटस पर क्लिक करें</li>
<li>राज्य व ज़िले का चयन करें</li>
<li>केस नंबर विकल्प चुनें</li>
<li>केस प्रकार का चयन करें</li>
<li>केस संख्या एवं वर्ष दर्ज करें</li>
<li>Go पर क्लिक करें</li>
<li>न्यायालय के नाम पर क्लिक करें तत्पश्चात केस का विवरण दिखाई देने लगेगा।</li>
<li>केस नंबर पर क्लिक करें (OS / 50/2017) जो रेखांकित और नीले रंग में दिखाया गया है</li>
<li>केस विवरण, सीएनआर नंबर के साथ दिखाई देगा।</li>
<li>सन्दर्भ हेतु स्क्रीनशॉट दिखाए गए हैं</li>
</ul>
</td>
<td>





</td>
</tr>
</table>

## 7.4 CNR नंबर का उपयोग करके मुक़दमे को खोज कैसे करें

अब हम देखते हैं कि CNR नंबर का उपयोग करके मुक़दमे का ब्यौरा कैसे प्राप्त किया जा सकता है

- चरण 1: मोबाइल ऐप पर CNR आइकन पर क्लिक करें
- चरण 2: CNR नंबर दर्ज करें
- चरण 3: सर्च बटन पर क्लिक करें
- चरण 4: केस हिस्ट्री के अंतर्गत निम्न विवरण प्रदर्शित होते है • प्रकरण विवरण • मामले की स्थिति • याचिकाकर्ता और अधिवक्ता विवरण • जवाबदाता और अधिवक्ता विवरण • अधिनियम विवरण • एफआईआर विवरण • मामले की सुनवाई का इतिहास • अंतिम आदेश / निर्णय
- चरण 5: "केस विवरण" पर क्लिक करें
- चरण 6: यह सीएनआर नंबर सहित मामले के विवरण दिखाएगा।

(सुलभ संदर्भ के लिए चरण 1 से 6 के स्क्रीनशॉट को दिखाये गये हैं)






## 8. केस स्टेटस सर्च: केस स्टेटस सर्च में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों का उपयोग करना

निम्न उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से आप अपना केस स्टेटस खोज सकते हैं

(i) प्रकरण संख्या

(ii) फाइलिंग नंबर

(iii) अधिवक्ता

(iv) केस का प्रकार

(v) पार्टी का नाम

(vi) एफआईआर संख्या

(vii) अधिनियम

(viii) प्री ट्रायल एप्लीकेशन

(ix) कैविएट।

यदि कोई व्यक्ति CNR नंबर नहीं जानता है, तो किसी भी एक विकल्प का उपयोग करके केस सर्च किया जा सकता है। अब हम केस स्थिति के तहत पहला विकल्प देखते हैं, अर्थात् केस नंबर विकल्प का उपयोग करते हैं।

मोबाइल ऐप पर केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य व जिला चुनें पर क्लिक करें→विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प पर क्लिक करें → प्रतिक्रिया स्वरुप सम्बंधित प्रारूप खुल जाएगा → प्रारूप में विवरण भरें → प्रकरणों की सूची प्रदर्शित होगी → यदि प्रकरण संख्या पर क्लिक तो आगे विस्तृत केस हिस्ट्री प्रदर्शित होगी → प्रदर्शित शीर्षक पर क्लिक करने से अग्रिम विवरण खुलते जायेंगे।



## 8.1 केस नंबर/प्रकरण संख्या विकल्प का उपयोग कर केस स्टेटस देखना

अब हम केस स्टेटस के अंतर्गत प्रथम विकल्प देखते हैं, अर्थात ई-कोर्ट्स सर्विसेज मोबाइल एप्लिकेशन के केस नंबर विकल्प का उपयोग करना




चरण 1: ई-कोर्ट मेनू से केस स्टेटस पर क्लिक करें

चरण 2: राज्य और जिले का चयन करें

चरण 3: केस नंबर विकल्प पर क्लिक करें

चरण 4: जब आप केस नंबर विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो यह यहां दिखाया गया प्रारूप खुल जायेगा, तत्पश्चात आप निम्न विवरण भरें :

- न्यायालय परिसर
- प्रकरण का प्रकार
- केस नंबर/प्रकरण संख्या
- वर्ष

चरण 5: समस्त विवरण भरने के बाद "गो" पर क्लिक करें

चरण 6: न्यायालयवार मुकदमों की सूची प्रकरण संख्या के साथ प्रदर्शित होगी

चरण 7: यदि हम केस नंबर/प्रकरण संख्यापर क्लिक करते हैं, तो आगे केस हिस्ट्री निम्न ब्योरे के साथ प्रदर्शित होगी:

(i) केस डिटेल

(ii) केस स्टेटस

(iii) याचिकाकर्ता और अधिवक्ता

(iv) उत्तरदाता और अधिवक्ता

(v) अधिनियम

(vi) एफआईआर विवरण

(vii) अधीनस्थ अदालत की जानकारी

(viii) मामले की केस हिस्ट्री

(ix) अंतरिम आदेश


(x) अंतिम आदेश / निर्णय

(*केस स्टेटस विकल्प का उपयोग करते समय राज्य एवं जिले का चयन करना सुनिश्चित करें)

## 8.2 फाइलिंग नंबर विकल्प का उपयोग करते हुए केस स्टेटस देखना

अब हम केस स्टेटस के अंतर्गत द्वितीय विकल्प फाइलिंग नंबर का उपयोग करते हुए प्रकरण की जानकारी कैसे प्राप्त करें यह देखते हैं

केस स्टेटस विकल्प पर क्लिक करें → राज्य और जिले का चयन करें→ फाइलिंग नंबर विकल्प पर क्लिक करें → ड्राप बॉक्स में से कोर्ट काम्प्लेक्स(न्यायालय परिसर ) का चयन करें → प्रकरण का फाइलिंग नंबर एवं वर्ष प्रविष्ट करें → समस्त विवरण भरने के बाद "गो" पर क्लिक करें→ आगे केस हिस्ट्री प्रदर्शित होगी→ शीर्षक पर क्लिक करते ही अग्रिम जानकारियां दिखाई देंगी




## 8.3 एडवोकेट विकल्प में अधिवक्ता के विवरण के आधार पर केस स्टेटस देखना:

यह सर्च विकल्प किसी भी अधिवक्ता का व्यक्तिगत डिजिटल क्लर्क है क्योंकि यह क्लर्क के अधिकांश कार्य सम्पादित करता है। उदाहरणार्थ, यह विकल्प बताएगा कि अधिवक्ता के नाम से समस्त न्यायलयों में कितने प्रकरण लंबित हैं; किसी विशेष तिथि पर कौन-कौन से प्रकरण सूचीबद्ध हैं और उनका प्रयोजन क्या है ये समस्त महत्वपूर्ण जानकारियां अधिवक्ता के हैंडसेट में 24 * 7 उपलब्ध रहती हैं।

अधिवक्तागण निम्नलिखित तीन प्रकार से इस सर्च विकल्प का उपयोग कर सकते हैं।

(i) एडवोकेट नेम : अधिवक्ता के नाम का उपयोग करके खोजें


(ii) बार कोड : एनरोलमेंट नंबर का उपयोग करके खोजें

(iii) डेट कॉज लिस्ट : दिनांक विशेष को अधिवक्ता के सुनवाई हेतु सूचीबद्ध प्रकरणों को खोजें

### 8.3.1 एडवोकेट नेम: अधिवक्ता के नाम का उपयोग करके खोजें

यदि कोई अधिवक्ता यह जानना चाहते है कि उनके नाम पर कितने मुक़दमे लंबित हैं या निर्णित हो चुके है तो ऐसे मुकदमें अधिवक्ता के नाम का उपयोग करके खोजें जा सकते हैं।

उदाहरण के लिए स्क्रीनशॉट में "राजप्पा" नमक अधिवक्ता के लिए मुकदमों की खोज की गयी है। खोज परिणाम में उनके तंजावुर, तमिलनाडु में 13 लंबित मामले हैं, के साथ साथ यह सम्बंधित अदालत को भी दिखाता है। यदि संख्या पर क्लिक किया जाता है, तो यह प्रकरण का पूरा ब्यौरा भी दर्शाता है।





मोबाइल ऐप पर केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य व जिला चुनें पर क्लिक करें→विकल्पों में से एडवोकेट नाम रेडियो बटन पर क्लिक करें → गो पर क्लिक करें → इस्टैब्लिशमेंट वार प्रकरणों की संख्या प्रदर्शित होगी इस पर क्लिक करें → अब किसी भी केस पर क्लिक करने से केस हिस्ट्री प्रदर्शित होगी

### 8.3.2 बार कोड : एनरोलमेंट नंबर का उपयोग करके खोजें

एडवोकेट बारकोड(एनरोलमेंट नंबर) का उपयोग करके भी खोज की जा सकती है। यह खोज चुने गए जिले में सभी स्थापना के लिए लंबित और निर्णित मामलों को प्रदर्शित करेगा।अधिवक्ता का बार एनरोलमेंट नंबर एक विशिष्ठ पहचान संख्या होती है एवं यहाँ यह उल्लेख करना समीचिनी होगा की सर्च रिजल्ट सही परिणाम उसी स्तिथि में देगा जब अधिवक्ता का सही सही बार एनरोलमेंट नंबर डेटाबेस में दर्ज हो। यदि आपको सर्च रिजल्ट में त्रुटि दिखाई दे तो अविलम्ब सम्बंधित कोर्ट में संपर्क कर डेटाबेस अपडेट करवाएं।

उदाहरणार्थ , महाराष्ट्र राज्य के एडवोकेट बारकोड(एनरोलमेंट नंबर) का उपयोग करके सर्च करने पर अधिवक्ता अग्रवाल के डी के नाम पर कुल 778 प्रकरण प्रदर्शित होते हैं।



मोबाइल ऐप पर केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य व जिला चुनें पर क्लिक करें→विकल्पों में से बार कोड रेडियो बटन पर क्लिक करें → गो पर क्लिक करें → इस्टैब्लिशमेंट वार प्रकरणों की संख्या प्रदर्शित होगी इस पर क्लिक करें → अब किसी भी केस पर क्लिक करने से केस हिस्ट्री प्रदर्शित होगी





| | |
|---|---|
| Case Type | NACT |
| Filing Number | 1312/2020 |
| Filing Date | 21-07-2020 |
| Registration Number | 5/2020 |
| Registration Date | 22-07-2020 |
| CNR Number | CHCH010032942020 |

**8.3.3 डेट कॉज लिस्ट : दिनांक विशेष को अधिवक्ता के सुनवाई हेतु सूचीबद्ध प्रकरणों को खोजें**

यदि कोई अधिवक्ता अपने नाम के अनुसार कॉज लिस्ट जानना चाहता है, अर्थात उसके नाम पर किसी विशेष तिथि को न्यायालयों में कितने मुक़दमे सुनवाई हेतु नियत हैं, तो इस डेट कॉज लिस्ट विकल्प का उपयोग किया जा सकता है, और अधिवक्ता नाम के अनुसार कॉज लिस्ट उत्पन्न की जा सकती है। डेट कॉज लिस्ट विकल्प में यह लाभ है कि यह मुकदमों के साथ उनकी स्टेज भी दिखाएगा।

डेट कॉज लिस्ट प्राप्त करने के लिए → डेट कॉज लिस्ट पर क्लिक करें → एडवोकेट बारकोड(एनरोलमेंट नंबर) प्रविष्ट करें → दिनांक का चुनाव करें → उक्त विवरण भरने पर डेट कॉज लिस्ट प्रदर्शित हो जाएगी।








| Case Number | Party Name | Court Name |
|---|---|---|
| R.C.S./547/2019 | IDBI Bank Ltd vs Shravan Enterprises | 1-SHRI S.B. PAWAR-Civil Judge S.D. Aurangabad. |
| Spl.C.S./235/2019 | IDBI Bank Ltd vs Ashwadip Ramprakash Netane | 21-SHRI J.M. AMBODKAR-IV Jt.Civil Judge S.D. Aurangabad. |
| Spl.C.S./33/2018 | Shreeram Housing Finance Ltd | 32-SHRI R.M. TUWAR-IX Jt.Civil Judge S.D. Aurangabad. |

### 8.4 केस टाइप विकल्प का उपयोग करके प्रकरण की स्थिति देखना:


केस टाइप→ केस टाइप विकल्प पर क्लिक करें → कोर्ट कॉम्प्लेक्स का चयन करें→ केस टाइप टाइप चुनें → प्रकरण का वर्ष भरें → लंबित अथवा निर्णित के लिए रेडियो बटन से चुनाव करें → "गो" पर क्लिक करें → तत्पश्चात चुने गए केस प्रकार से सम्बंधित मुकदमें प्रदर्शित होंगे → केस नंबर पर क्लिक करें यह आगे केस हिस्ट्री भी बतायेगा → यदि हम शीर्षकों पर क्लिक करते हैं तो यह विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करेगा

दर्शाये गए चित्र में प्रकरण का प्रकार "अपील" चुना गया है, अतः AS(अपील सूट) प्रकरणों की सूची प्रदर्शित होगी। । इसी प्रकार, अन्य किसी केस टाइप का चुनाव कर आप केस टाइप-वार सूची प्राप्त कर सकते हैं।



## 8.5 पार्टी विकल्प का उपयोग करते हुए मामले की स्थिति देखना:

केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य और जिले का चयन करें→ पार्टी विकल्प पर क्लिक करें→ कोर्ट कॉम्प्लेक्स का चयन करें→ याचिकाकर्ता / उत्तरदाता का नाम चुनें→ वर्ष भरें → लंबित अथवा निर्णित के लिए रेडियो बटन से चुनाव करें → "गो" पर क्लिक करें→ तत्पश्चात पक्षकार के नाम से सम्बंधित मुकदमों की संख्या प्रदर्शित होगी → केस नंबर पर क्लिक करें यह आगे केस हिस्ट्री भी बतायेगा





दिखाए गए स्क्रीनशॉट में "रंगस्वामी" नामक पक्षकार को सर्च किया गया है और "रंगस्वामी" नाम वाले मामले प्रदर्शित हो रहे हैं। इसी तरह, आप पार्टी नेमे सर्च विकल्प का उपयोग करके मुकदमों की खोज कर सकते हैं।

## 8.6 एफआईआर नंबर का उपयोग करके प्रकरण खोजना

केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य और जिले का चयन करें→ FIR नंबर विकल्प पर क्लिक करें → कोर्ट काम्प्लेक्स सेलेक्ट करें→ पुलिस स्टेशन चुनें → FIR नंबर & वर्ष दर्ज करें → रेडियो का चयन करें

लंबित अथवा निर्णित के लिए रेडियो बटन से चुनाव करें → "गो" पर क्लिक करें → तत्पश्चात चुने गए एफआईआर नंबर वाला मामला प्रदर्शित होगा → केस नंबर पर क्लिक करें यह आगे केस हिस्ट्री भी बतायेगा




## 8.7 अधिनियम के अनुसार खोजें

केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य और जिले का चयन करें → कोर्ट काम्प्लेक्स सेलेक्ट करें→ अधिनियम का चयन करें/विवरण भरें → धारा का विवरण भरें → लंबित अथवा निर्णित के लिए रेडियो बटन से चुनाव करें → "गो" पर क्लिक करें → तत्पश्चात चुने गए अधिनियम के अनुसार प्रकरण प्रदर्शित होंगे


Chief Judicial Magistrate : 3


| Sr.No | Case Number | Party Name |
|---|---|---|
| 1 | GR/1544/2020 | State of Jharkhand vs DIPAK SAHIS |
| 2 | GR/1443/2019 | State of Jharkhand vs JITENDRA PASWAN |
| 3 | GR/1387/2014 | State of Jharkhand vs Nipenn bhandari |

District And Sessions Court : 10




## 8.8 प्री-ट्रायल आवेदन-पत्र


जमानत/ रिमांड-आवेदन की जानकारी प्राप्त करने के लिए पुलिस स्टेशन चुनकर एफआईआर संख्या और वर्ष भरें।



## 8.9 कैविएट

कैविएट विवरण के आधार पर भी प्रकरणों की खोज की जा सकती है।

केस स्टेटस पर क्लिक करें → राज्य और जिले का चयन करें → कोर्ट काम्प्लेक्स सेलेक्ट करें→ सर्च टाइप चुनकर कैवियेटर एवं कैवियेटी का विवरण भरें → "गो" पर क्लिक करें → कैविएट से सम्बंधित विवरण प्रदर्शित होंगे → क्लिक करें यह आगे केस हिस्ट्री भी बतायेगा




## 9. ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल ऐप के माध्यम से कॉज लिस्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया

मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त कॉज लिस्ट अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं न्यायाधीशों सभी के लिए अत्यधिक उपयोगी विकल्प है।

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में तीन प्रकार की कॉज लिस्ट प्राप्त की जा सकती है -(i) किसी भी न्यायालय की दीवानी कॉज लिस्ट (ii) किसी भी न्यायालय की आपराधिक कॉज लिस्ट (iii) अधिवक्ता वार कॉज लिस्ट।

"कॉज लिस्ट" विकल्प के तहत दीवानी कॉज लिस्ट एवं आपराधिक कॉज लिस्ट दोनों का अवलोकन किया जा सकता है। अधिवक्ता वार कॉज लिस्ट को केस स्टेटस सर्च के तहत उपलब्ध अधिवक्ता विकल्प के माध्यम से देखा जा सकता है, जिसे "केस स्टेटस विकल्प का उपयोग करके खोजें" विषय के तहत पूर्व में समझाया गया है। कॉज लिस्ट विकल्प का उपयोग करके, यह पुष्टि की जा सकती है की मुकदमा अमुक दिनांक को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है अथवा नहीं। यह न्यायाधीशों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के लिए एक उपयोगी समय प्रबंधन का साधन है, जिसके माध्यम से कोई भी यह पता लगा सकता है कि किसी

विशेष दिन में कितने मामले सूचीबद्ध हैं और दिन की कार्य-योजना बनाई जा सकती है, यह महत्वपूर्ण डेटा अब मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल-हैंडसेट में देखा जा सकता है। ।

1 कॉज लिस्ट आइकन पर क्लिक करें

2 राज्य एवं ज़िले का चयन करें


3 कोर्ट कॉम्प्लेक्स का चयन करें

4 न्यायालय के नाम का चयन करें

5 कैलेंडर से कॉज लिस्ट की दिनांक का चयन करें

6 सिविल या आपराधिक पर क्लिक करें तत्पश्चात दीवानी/अपराधी कॉज लिस्ट प्रदर्शित हो जाएगी

7 सर्च बॉक्स का उपयोग करते हुए सूची के अंतर्गत भी प्रकरण खोजे जा सकते हैं।




## 10. माय केसेस विकल्प

माय केसेस का विकल्प अधिवक्तागण एवं पक्षकारान के लिए सर्वाधिक आकर्षक और उपयोगी विकल्पों में से एक है क्योंकि यह व्यक्तिगत डिजिटल केस डायरी के रूप में कार्य करता है। यह ई-कोर्ट ऐप में उपलब्ध एक विशिष्ट सुविधा है।अधिवक्ता एवं पक्षकार माय केसेस विकल्प के तहत अपने मुकदमों को खोजकर सूचीबद्ध एवं संग्रहित कर सकते हैं और आवश्यकतानुसार विवरण देख सकते हैं।





### 10.1 माय केसेस में प्रकरण जोड़ने की प्रक्रिया

यदि आप "माय केसेस" सूची में मुकदमों को जोड़ना चाहते हैं तो निम्न चरणों की पालना करें

(i) ई-कोर्ट मोबाइल ऐप का उपयोग करके ऐसे मुकदमों को खोजें जिन्हें आप माय केसेस में जोड़ना चाहते हैं।

(ii) खोजे गए केस के विवरण में दाएं हाथ की ओर शीर्ष पर "ऐड केसेस" बटन दिखाई देगा , जैसा कि स्क्रीनशॉट में बताया गया है।


(iii) "ऐड केसेस" बटन पर क्लिक करें, ऐसा करते ही आपके द्वारा खोजा गया केस "माय केसेस" को सूची में स्वतः जुड़ जायेगा।




अधिवक्तागण एवं उनके मुंशी अपने ऑफिस से सम्बंधित सभी मुकदमों को माई केसेस सूची में जोड़ सकते हैं और अपने दफ्तर के समस्त मुकदमों की डिजिटल डायरी बना सकते हैं, और माई केसेस विकल्प का उपयोग करके सभी मुकदमों की अपडेट और केस स्टेटस प्राप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिवक्तागण स्वयं अपने महत्वपूर्ण मुकदमों जोड़कर बगैर किसी सहायक अथवा क्लर्क की मदद के अपने मुकदमों की स्थिति का ट्रैक रख सकते हैं और केस स्टेटस 24 * 7 देख सकते हैं।


इसी प्रकर पक्षकार भी "माय केसेस" सूची में अपने मुकदमों को जोड़ सकते हैं । इसी तरह अभियोजन पक्ष, न्यायालय के पुलिस कांस्टेबल, जांच अधिकारी, सरकारी विभाग भी इस "माय केसेस" सूची का उपयोग कर सकते हैं और अपने मुकदमों पर 24 * 7 नज़र रख सकते हैं।

## 10.2 "माय केसेस" सूची से प्रकरणों को हटाने की प्रक्रिया




"माय केसेस" सूची से मुकदमों को हटाने के लिए आप "माय केसेस" सूची में से वांछित मुक़दमे को खोलें, फिर दाहिने हाथ तरफ शीर्ष पर "रिमूव केसेस" विकल्प दिखाई देगा जैसा कि स्क्रीनशॉट में दिखाया गया है, यहाँ पर "रिमूव केसेस" विकल्प पर क्लिक किया जाता है, तो यह मुकदमा "माय केसेस" सूची से हट जाएगा।

### 10.3 "माय केसेस" सूची से प्रकरणों को खोजें :




यदि आपकी "माय केसेस" सूची में अनेक मुक़दमे हैं, तो किसी एक वंचित मुक़दमे को सूची में खोजने हेतु "माय केसेस" के भीतर उपलब्ध सर्च विकल्प का उपयोग करके खोजा जा सकता है। आप स्क्रीनशॉट में दिखाए अनुसार सर्च बॉक्स में टाइप करके, वांछित प्रकरण को सूची में से नामवार, संख्या-वार खोज सकते हैं।

### 10.4 "रिफ्रेश " बटन:





"रिफ्रेश " बटन "माय केसेस" सूची को अपडेट करेने हेतु दिया गया है । रिफ्रेश बटन "माय केसेस" सूची के तहत सहेजी गई जानकारी को अपडेट करने के लिए टुडेस् केसेस के निकट दिया गया है। यदि इंटरनेट कनेक्शन में समस्या के कारण कोई मामला अद्यतन या रिफ्रेश नहीं है, तो ऐप "कनेक्शन त्रुटि" की जानकारी दिखाएगा।

### 10.5."माय केसेस" सूची से प्रकरणों को दिनांकवार / जिलेवार प्रदर्शित करने का विकल्प:


ई-कोर्ट मोबाइल ऐप का अपडेटेड वर्जन ."माय केसेस" सूची से प्रकरणों को दिनांकवार / जिलेवार प्रदर्शित करता है। उदाहरणार्थ, जब आप दिनांकवार विकल्प पर क्लिक करते हैं, तो यह सभी प्रकरणों को दिनांकवार सूचीबद्ध प्रदर्शित करेगा। यह विकल्प अधिवक्ताओं अथवा मुंशियों के कार्य को सरल बनता है क्योकि उनके व्यक्तिगत मुकदमों की डिजिटल डायरी निर्मित हो जाती है। इसी तरह, प्रकरणों को जिलेवार सूचीबद्ध करने के विकल्प का स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध है।


तिथि के अनुसार और जिलेवार सूची को यहाँ साथ दिखाया गया है, और जब केस संख्या पर क्लिक किया जाता है, तो यह माय केसेस के केस हिस्ट्री को खोल देगा।




## 10.6 कैलेन्डर:

"माय केसेस" सूची से प्रकरणों को कैलेंडर प्रारूप में भी देखा जा सकता है।



## 11. बैक अप सुविधा

ई-कोर्ट्स मोबाइल एप बैकअप की सुविधा भी प्रदान करता है जो कि इस मोबाइल ऐप की सर्वाधिक लोकप्रिय सुविधा है।

इंपोर्ट एक्सपोर्ट विकल्प के तहत मोबाइल डिवाइस में संग्रहित मुकदमों का बैकअप लिया जा सकता है। यदि आपने अपने मोबाइल ऐप के माय केसेस में कई मुकदमों को सहेजा है और यदि आपने नया मोबाइल फोन लिया है तो इस निर्यात और आयात विकल्प का उपयोग कर बैकअप लिया जा सकता है और नवीन मोबाइल फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है।




यह बैकअप विकल्प मेनू बटन पर क्लिक करने पर प्राप्त हो जाता है। जब आप उक्त मेनू बटन पर क्लिक करते हैं, तो इंपोर्ट एक्सपोर्ट विकल्प मेनू के तहत उपलब्ध होते हैं, संदर्भ हेतु स्क्रीनशॉट दिखाया गया हैं। एक बार एक्सपोर्ट करने के बाद बैकअप डाटा को मोबाइल या गूगल ड्राइव या ईमेल में सेव करना आवश्यक है। आपके पास यदि डेटा निर्यात किया हुआ है, तब इसे जरूरत पड़ने पर आयात किया जा सकता है, उदाहरण के लिए, मोबाइल फोन बदलते समय या आकस्मिक डेटा हानि के समय। ध्यान रखें, जब तक आपने अपना डेटा निर्यात नहीं किया है, तब तक आप इसे आयात नहीं कर सकते।


### 11.1 एक्सपोर्ट (निर्यात) विकल्प:

एक्सपोर्ट (निर्यात) विकल्प मोबाइल ऐप में मेनू सूची के तहत उपलब्ध है। जब निर्यात विकल्प पर क्लिक किया जाता है, तो यह पूछेगा कि फ़ाइलों को कहाँ निर्यात करना है। आप अपनी फ़ाइलों को ईमेल के माध्यम से निर्यात या साझा कर सकते हैं, अथवा गूगल ड्राइव में स्टोर कर सकते हैं अथवा फोन में भी स्टोर कर सकते हैं। गूगल ड्राइव के लिए संग्रहीत करते समय, गूगल आपसे सुरक्षा प्रश्न पूछ सकता है, स्वीकृति प्रदान करके बैकअप को गूगल ड्राइव में संग्रहीत किया जा सकता है। जब भी जरूरत हो, बैकअप को गूगल ड्राइव से प्राप्त किया जा सकता है।

फ़ाइलों के निर्यात के लिए उपरोक्त तीन विकल्प, अर्थात् (i) ईमेल पर साझा; (ii) गूगल ड्राइव पर सहेजें; (iii) इस डिवाइस में ही सेव करें,


इसको सन्दर्भ हेतु स्क्रीनशॉट में दर्शाया गया है। तीन विकल्पों में से किसी एक का उपयोग करके, आप अपने मोबाइल एप्लिकेशन के संग्रहीत डेटा को निर्यात कर सकते हैं और इसे टेक्स्ट फ़ाइल प्रारूप में सहेज सकते हैं। एक बार निर्यात हो जाने के बाद, आपको मोबाइल में एक अलर्ट "सेव सक्सेसफुली" मिल जाएगा जैसा कि दिखाया गया है। उक्त टेक्स्ट फाइल को मोबाइल स्टोरेज से एक्सट्रेक्ट किया जा सकता है।




**11.2 इम्पोर्ट (आयात) विकल्प:**

आयात विकल्प ई-कोर्ट मोबाइल ऐप उपयोगकर्ता द्वारा सबसे अधिक मांगा जाने वाला फीचर है। अगर आप अपना फोन बदलने जा रहे हैं, या जब आपका फोन डेटा क्रैश हो जाता है, तो क्या करें? ऐसी स्थितियों में यह आयात विकल्प बहुत लाभदायक है। आप इस आयात विकल्प का उपयोग कर अपने नए फोन में बैकअप डेटा प्राप्त कर सकते हैं अथवा जब डेटा गलती से फोन से नष्ट हो जाता है, तो कोई इस आयात विकल्प का उपयोग कर डेटा को पुनर्स्थापित कर सकते हैं।




आप इम्पोर्ट(आयात) आइकन पर क्लिक कर डेटा को दो विकल्पों से आयात कर सकते हैं;

(i) ड्राइव से आयात और

(ii) इस उपकरण से आयात।

स्क्रीनशॉट में "इंपोर्ट फ्रॉम" के तहत उपलब्ध दोनों विकल्पों को दिखाया गया है । उपयोगकर्ता गूगल ड्राइव से बैकअप डाटा आयात करते समय पूछे गए परमिशन की अनुमति देवें और अलाउ बटन पर क्लिक करके डाटा का आयात करें। सन्दर्भ हेतु स्क्रीनशॉट भी संलग्न है। एक बार आयात विकल्प पूरा हो जाने के बाद, आपको अलर्ट संदेश 'प्रकरण सफलतापूर्वक आयात किए गए' मिल जाएगा। इस प्रकार, आप आयात विकल्प का उपयोग कर सकते हैं और अपने नए मोबाइल फोन में बैकअप डेटा प्राप्त कर सकते हैं या अपने पुराने मोबाइल फोन से बैकअप डेटा को पुनर्स्थापित कर सकते हैं।

## 12. QR कोड का उपयोग करके केस स्टेटस प्राप्त करना

ईकोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप का उपयोग करते समय, केस स्टेटस या केस अपडेट प्राप्त करने के लिए हर बार केस विवरण या केस नंबर रिकॉर्ड (CNR) नंबर टाइप करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में ईकोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप में QR कोड स्कैन विकल्प का उपयोग करके केस के विवरण प्राप्त करने का एक आसान तरीका उपलब्ध है।

चरण: 1: वांछित प्रकरण का QR कोड प्राप्त करने की प्रक्रिया:


वांछित प्रकरण का QR कोड ईकोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप में उपलब्ध केस हिस्ट्री से (अथवा) ईकोर्ट सेवाओं की वेबसाइट https://eCourts.gov.in में उपलब्ध केस हिस्ट्री से भी प्राप्त किया जा सकता है।

चरण 2: प्रकरण के QR कोड का प्रिंट लेकर पत्रावली में चस्पा करें

आप QR कोड का प्रिंट आउट ले सकते हैं और केस फाइलों में पेस्ट कर सकते हैं ।

चरण 3: स्कैन QR कोड:

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में इनबिल्ट "स्कैन क्यूआर कोड" विकल्प का उपयोग करके आप पत्रावली पर चस्पा QR कोड को स्कैन कर सकते हैं, जो तुरंत केस स्टेटस दिखायेगा। यह QR कोड स्कैनिंग सुविधा अधिवक्ता कार्यालयों और कंपनियों / सरकारी संस्थानों के लिए फायदेमंद है जिनके पास बड़ी संख्या में मुकदमें हैं। वे QR कोड का प्रिंट ले सकते हैं और इसे अपनी केस फाइलों में पेस्ट कर सकते हैं और अपने मोबाइल ऐप से स्कैन कर सकते हैं - QR कोड विकल्प को स्कैन करें और एक-एक करके सभी बिंदुओं को दर्ज किए बिना तुरंत मामले का विवरण प्राप्त करें ।




## 13. जब इंटरनेट सुविधा प्राप्त न हो तब SMS के माध्यम से केस स्टेटस प्राप्त करें


हमारे देश में, हमारे देश के 50 % से अधिक लोगों की इंटरनेट तक पहुँच नहीं है। जैसा कि ई-समिति के माननीय अध्यक्ष द्वारा कई बार दोहराया गया है कि हमें एक ऐसी समावेशी प्रणाली की आवश्यकता है जो तकनीकी बाधाओं को तोड़ने में सक्षम हो , ऐसे में यह सेवा ऐसे लोगों की सहायता करती है जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है। जब आपके पास इंटरनेट कनेक्शन नहीं हो तो आप प्रारूप: eCourts <SPACE> <Your CNR NUMBER> में SMS मोबाइल नंबर 9766899899 पर प्रेषित कर केस स्टेटस प्राप्त कर सकते हैं।






## 14. ईकोर्ट सर्विसेज की स्वचालित ईमेल सेवाओं के माध्यम से केस स्टेटस प्राप्त करने की प्रक्रिया

यद्यपि स्वचालित ईमेल सेवाएँ की सेवा ई-कोर्ट मोबाइल ऐप से विसंदर्भित है, परन्तु यह एक ऐसी विशेषता है जिसे आप मोबाइल फोन में प्राप्त कर सकते है यदि आप ईमेल सन्देश की जांच करने के लिए मोबाइल फोन एक्सेस करते हैं। ईकोर्ट परियोजना के अंतर्गत हाल ही में पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को स्वचालित ईमेल सेवाएं प्रदान करने की सुविधा शुरू की गई है।


Cause List Status 02-04-2018 07:16:28 Inbox

eCourts
to me
2 days ago View details

Dear registered user, Greetings from http://ecourts.gov.in online unified platorm to get case related information pending or disposed in Taluka and District Courts in India.

**Below mentioned cases are listed on 02-04-2018.**
CNR No : TNTI160008782017
Case No. : HMOP/107/2017
Parties : vadivel Vs keerthiga
Court: Tmt.R.Arulmozhiselvi, M.L.,, Subordinate Judge, Avinashi ,Sub Court,Avinashi
Stage:LOK ADALAT

You can view Judgment / order by visiting http://ecourts.gov.in


Regards

This automated email generated from system. Please do not reply this.

पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को केस अपडेट, अगली सुनवाई की तारीखें, आदेशों व निर्णय की प्रतियां और कॉज लिस्ट ईमेल सन्देश के माध्यम से मिलेंगी। इस आकर्षक स्वचालित ईमेल सेवा को सक्रिय करने के लिए पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को अपना ईमेल, संबंधित न्यायालय में पंजीकृत करवाना होगा। अब वह दिन दूर नहीं है जब कोई भी घर बैठे-बैठे आराम से कोर्ट से सभी प्रमाणित प्रतियां प्राप्त कर सकता है।

### 14.1 अविनाशी सब कोर्ट से प्रेषित स्वचालित ईकोर्ट ईमेल सन्देश:

अविनाशी सब कोर्ट में वकालत करने वाले एक अधिवक्ता आश्चर्य एवं उत्साह से परिपूर्ण न्यायालय में आये और अपने मुक़दमे की सुनवाई से सम्बंधित केस स्टेटस प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की (इनसेट में ईमेल चित्र पाठकों के लिए साझा किया जाता है)। अब वह दिन दूर नहीं है जब कोई भी घर बैठे-बैठे आराम से कोर्ट से सभी प्रमाणित प्रतियां प्राप्त कर सकता है।


Cause List Status 02-04-2018 07:16:28 Inbox

eCourts
to me
2 days ago View details

Dear registered user, Greetings from http://ecourts.gov.in online unified platorm to get case related information pending or disposed in Taluka and District Courts in India.

**Below mentioned cases are listed on 02-04-2018.**
CNR No : TNTI160008782017
Case No. : HMOP/107/2017
Parties : vadivel Vs keerthiga
Court: Tmt.R.Arulmozhiselvi, M.L.,, Subordinate Judge, Avinashi ,Sub Court,Avinashi
Stage:LOK ADALAT


You can view Judgment / order by visiting http://ecourts.gov.in

Regards

This automated email generated from system. Please do not reply this.

## 15. कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर

ई-कोर्ट मोबाइल एप्लिकेशन में एक नया विकल्प - कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर जोड़ा गया है, जो पक्षकारों के लिए एक उपयोगी साधन है। यदि एक पक्षकार को दूर स्थित न्यायालय से सम्मन प्राप्त हो और उसे न्यायालय का पता ज्ञात न हो तो वह कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर का उपयोग कर सकता है और नक्शे में कोर्ट का स्थान खोज सकता है अर्थात वह इस कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर विकल्प का उपयोग करके न्यायालय तक पहुंच सकता है। यह कोर्ट कॉम्प्लेक्स लोकेटर हमारे भारतीय मैपिंग ऐप - BHUVAN पर काम करता है और चित्र में कोयम्बटूर में न्यायालय सर्च करना दिखाया गया है।




## 16. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप मेनू में विभिन्न लिंक

ई-कोर्ट मोबाइल ऐप के तहत अन्य ई-कोर्ट सेवाओं के महत्वपूर्ण लिंक भी प्रदान किए जाते हैं मेनू विकल्पों के तहत निम्नलिखित लिंक तक आसानी से पहुंचा जा सकता है




→ ई-पे

→ NJDG

→ ई-फाइलिंग

→ इंडिया कोड

→ अधिवक्ताओं के लिए प्रपत्र


→ वर्चुअल कोर्ट

ये सभी लिंक ई-कोर्ट सेवाओं की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। उदाहरणार्थ ऑनलाइन जुर्माना भरने के लिए, आप सीधे मोबाइल से वर्चुअल कोर्ट लिंक पर क्लिक करें dhivaktaऔर वर्चुअल कोर्ट पोर्टल का उपयोग कर

न्यायालय भी जाये बिना जुर्माना अदा करें। अतः ये समेत लिंक अन्य ई-सेवाओं को प्राप्त करने का सुगम विकल्प है।

## 17. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में ई-पे लिंक

जब आप विकल्प ई-पे पर क्लिक करते हैं, तो यह आपको https://pay.ecourts.gov.in पर ले जाएगा जहां से आप कोर्ट फीस, ज्यूडिशियल डिपॉजिट, फाइन और पेनल्टी के लिए डिजिटल भुगतान कर सकते हैं। आप अपने CNR नंबर या केस नंबर का उपयोग करके और अपने मोबाइल नंबर  के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर सकते हैं।





## 18. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में NJDG लिंक

जब आप NJDG बटन पर क्लिक करते हैं, तो यह आपको सीधे NJDG लिंक https://njdg.eCourts.gov.in पर ले जाएगा जहां से आप निम्नलिखित विवरण प्राप्त कर सकते हैं:

**18.1 राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (जिला और तालुका न्यायालय)**


**18.2 राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (उच्च न्यायालय)**

NJDG का उपयोग करते समय, आपको राज्य एवं जिले का चयन करने के पश्चात ड्रिल-डाउन विकल्प का उपयोग करने की आवश्यकता होती है,ऐसा करके आप लंबित मुकदमों , निर्णित मुकदमों , केस प्रकार के अनुसार, चरण-वार, आदि के विभिन्न श्रेणियों में विवरण प्राप्त कर सकते हैं। ड्रिल-डाउन विकल्पों का अनुभव करने के लिए आज ही अपने मोबाइल का उपयोग करें।




## 19. ईकोर्ट सर्विसेज मोबाइल ऐप के माध्यम से "इंडिया कोड" को एक्सेस करें

अब ई-कोर्ट सर्विसेज मोबाइल एप्लिकेशन में "इंडिया कोड" की नवीन सुविधा जोड़ी गई है। इस सुविधा का उपयोग कर कोई भी व्यक्ति, सभी भारतीय विधियों, अधिनियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं आदि को प्राप्त कर सकता है, यह आपके हैंडसेट में सभी बेर एक्ट का एक शानदार रेडी रेकनर है। उदाहरण के लिए, यदि आप सीपीसी में किसी भी धारा का संदर्भ प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसे मोबाइल ऐप लिंक से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है।




### 19.1 "इंडिया कोड" से बेर-एक्ट खोजने की प्रक्रिया:

यदि आप किसी भी भारतीय कानून को खोजना चाहते हैं, तो आपको सर्च बॉक्स में सम्बंधित सर्च टेक्स्ट लिखना होगा, और आप उक्त बेर एक्ट को "इंडिया कोड" से प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप आपराधिक प्रक्रिया संहिता चाहते हैं, तो आप इसे सर्च-बॉक्स में टाइप कर प्राप्त कर सकते हैं।



## 20. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में ई-फाइलिंग लिंक

अब आप विभिन्न ई-कोर्ट सेवाओं जैसे ई-फाइलिंग, ई-पेमेंट और NJDG को मोबाइल ऐप से एक्सेस कर सकते हैं। जब आप ई-फाइलिंग एप्लिकेशन पर क्लिक करते हैं, तो यह आपको ई-फाइलिंग पोर्टल


https://efiling.ecourts.gov.in

पर ले जाएगा और भारत के नक्शे से, आप अपने संबंधित राज्य को चुनकर केस को ई-फाइल कर सकते हैं। आप ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध सहायता वीडियो और ट्यूटोरियल से जानकारी प्राप्त कर अपने मामलों की ई-फाइलिंग शुरू कर डिजिटल युग के अधिवक्ता बन सकते हैं।




## 21. ई-कोर्ट मोबाइल ऐप में वर्चुअल कोर्ट्स लिंक


मोबाइल एप्लीकेशन में इस लिंक का उपयोग करते हुए आप आसानी से वर्चुअल कोर्ट तक पहुंच सकते हैं। वर्चुअल कोर्ट में आप अपने मोबाइल नंबर, पार्टी नेम, CNR नंबर, चालान संख्या, वाहन पंजीकरण संख्या आदि का उपयोग कर अपने से संबंधित प्रकरण को सर्च कर सकते हैं। आप जुर्माने की रकम का ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। इस प्रकार आप मोटर वाहनों से संबंधित ट्रैफिक चलानों के प्रकरणों का ऑनलाइन निस्तारण न्यायालय में जाए बगैर कर सकते हैं।




## 22. अधिवक्तागण हेतु प्रारूप फॉर्म

ई-कोर्ट्स सर्विसेज मोबाइल एप के मैन्यू में नवीनतम एवं महत्वपूर्ण लिंक अधिवक्तागण हेतु मॉडल प्रपत्रों को प्राप्त करने का जोड़ा गया है। लिंक पर क्लिक करते ही अधिवक्ता गणों द्वारा साधारणतः उपयोग में लिए जाने वाले प्रपत्रों के मॉडल प्रारूप उपलब्ध हो जाएंगे

उदाहरणतः जमानत बांड, प्रतिलिपि आवेदन पत्र (सीए फॉर्म); प्रकरण सूचना प्रारूप, दाखिला फार्म, इंडेक्स फॉर्म, मेमो ऑफ अपीयरेंस,नोटिस, दस्तावेज हेतु नोटिस, प्रतिभू बंधपत्र, वकालतनामा इत्यादि। आशा है आप इन लिंक्स का उपयोग करेंगे।




## 23. हेल्प विकल्प




ई-कोर्ट सेवाओं के तहत विभिन्न विकल्पों का उपयोग कैसे करें इसे हेल्प ऑप्शन के तहत प्रदर्शित किया गया है। जब आप हेल्प विकल्प के तहत उपलब्ध प्रत्येक टैब पर क्लिक करते हैं, तो यह वांछित सुविधाओं का उपयोग करने के लिए चरणवार सचित्र विवरणिका दिखाई देती है। उदाहरणार्थ, यदि आप ई-कोर्ट सर्विसेज ऐप की हेल्प के तहत माय केसेस टैब पर क्लिक करते हैं, तो स्क्रीनशॉट में दिखाए अनुसार विवरणिका खुलेगी जिससे सहायता प्राप्त कर आप उक्त मेनू का उपयोग कर सकते हैं।

***ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लिकेशन आज ही डाउनलोड करें!***

***और अपने मुकदमों की जानकारी 24 x 7, नि: शुल्क प्राप्त करें!***


# ई -कोर्टस् सर्विसेज़ मोबाइल एप्लीकेशन

## भारत के उच्च न्यायालयों , जिला न्यायालयों एवं तालुका न्यायालयों हेतु

## ई -कोर्टस् सर्विसेज़ एप एंड्राइड एवं आई-ओएस हेतु उपलब्ध

GET IT ON Google Play

Download on the App Store




- केस स्टेटस, कॉज़ लिस्ट, कोर्ट जजमेंट / ऑर्डर प्राप्त करें, अपने मुकदमों को माय केसेस के माध्यम से 24X7 अपने हैंडसेट में सेव करें
- प्रकरण का सम्पूर्ण इतिहास प्राप्त करें
- अपने निर्णय /आदेश देखें
- न्यायालय परिसर लोकेटर प्राप्त करें
- विशिष्ट CNR क्रमांक द्वारा मुकदमों की खोज करें (http://services.ecourts.gov.in से CNR क्रमांक प्राप्त करें)
- QR कोड स्कैन का उपयोग करके मुकदमों की स्थिति प्राप्त करें (http://services.ecourts.gov.in से QR कोड प्राप्त करें)
- केस नंबर / फाइलिंग नंबर / एफआईआर नंबर / पार्टी नाम /एडवोकेट नाम / अधिनियम / केस प्रकार का उपयोग करके मुकदमों की स्थिति का पता लगाएं
- वाद सूची प्राप्त करें
- अपने मुकदमों को "माय केसेस" विकल्प में संग्रहीत और ट्रैक करें
- "माय केसेस" में आज सूचीबद्ध मुकदमों के अलर्ट प्राप्त करें
- कैलेंडर विकल्प प्राप्त करें

**डाउनलोड करें**

**ई-कमिटी,**
**भारतीय उच्चतम न्यायालय**

**ई -कोर्टस् सर्विसेज़ एप एंड्राइड एवं आई-ओएस हेतु ई-कोर्ट वेबपेज में निम्न लिंक पर उपलब्ध :**
**https://services.ecourts.gov.in**